# प्रेस नोट जनपद प्रतापगढ़ दिनांक 20.01.2025

प्रेस नोट दिनांक 20.01.2025
थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ का डॉ0 अनिल कुमार का अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ कड़ा एक्शन
प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही जारी
थाना रानीगंज पुलिस द्वारा थानाक्षेत्र के पचरास सरकारी खाद समिति दुकान के पास से चोरी की घटना से सम्बन्धित अभियुक्त को चोरी की साइकिल के साथ किया गया गिरफ्तार
अभियुक्त के पास से चोरी के 01 साइकिल व निशानदेही पर चोरी की और 05 साइकिल बरामद।

घटना का संक्षिप्त विवरण- दिनांक 09-01-2025 को आरोपी द्वारा थाना रानीगंज के कस्बा रानीगंज में किराना की दुकान से 01 साइकिल चोरी किया था। जिसके सम्बन्ध में वादी की प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना रानीगंज पर मु0अ0सं0 21/25 धारा 303(2) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया था।

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डा0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रियाकलाप में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) श्री दुर्गेश कुमार सिंह के मार्ग दर्शन व क्षेत्राधिकारी रानीगंज श्री विनय प्रभाकर साहनी द्वारा अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम पर अंकुश लगाने हेतु दिये गये निर्देश के क्रम में प्रभारी निरीक्षक रानीगंज श्री आदित्य सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षक फिरोज खां मय हमराह उपनिरीक्षक श्रीराज नाथ यादव, कां0 राजू गौड द्वारा दौरान चेकिंग, वांछित वारंटी गिरफ्तारी अभियान के अन्तर्गत 01 अभियुक्त मनीष सरोज पुत्र स्व0 अरविन्द कुमार निवासी ग्राम सण्डीला थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 21 वर्ष को मय चोरी के साइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। तथा अभियुक्त की निशानदेही पर चोरी की 05 साइकिल और बरामद की गई। उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में अभियोग उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गई।

पूछताछ का विवरणः- अभियुक्त ने पूछताछ पर बताया कि मैनें और भी साइकिलें चुरायीं हैं। जिसे मैनें सरकारी खाद की दुकान के पास स्थित खण्डर में छुपाकर रखा है। अभियुक्त को साथ लेकर बताये गये स्थान से घास फूस से छिपायीं हुयी 05 साइकिलें बरामद की गईं।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
मनीष सरोज पुत्र स्व0 अरविन्द कुमार निवासी ग्राम सण्डीला थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 21 वर्ष ।

बरामदगी का विवरण- चोरी की 06 अदद साइकिल।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का नाम-
1.उप निरीक्षक फिरोज खां मय हमराह 2. उपनिरीक्षक श्रीराज नाथ यादव 3. कां0 राजू गौड़ थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़

थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ़

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार का अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ कड़ा एक्शन,

अपहरण, दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट से संबंधित 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

थाना दिलीपपुर पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के बशीरपुर पुल के पास से अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया

घटना का संक्षिप्त का विवरण-
दिनांक 01.10.2024 को वादी की प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना दिलीपपुर में अन्तर्गत धारा -137(2), 87, 64, 127(2), 115(2), 352, 351(2), 61(2) बी0एन0एस0 व 3/4 पाक्सो एक्ट का अभियोग बनाम 02 नामजद अभियुक्त पंजीकृत है।

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डाॅ0 अनिल कुमार द्वारा अभियुक्त वांछित अपराधी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री दुर्गेश कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी पट्टी श्री मनोज कुमार सिंह रघुवंशी के कुशल पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी दिलीपपुर श्री शत्रुघ्न वर्मा के नेतृत्व में उ0नि0 दुर्गेश कुमार मय हमराह हे0का0 सुभाष विश्वकर्मा द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वाँछित वारण्टी, विवेचना के दौरान, मुखबिर की सूचना पर थाना दिलीपपुर में पंजीकृत अभियोग अन्तर्गत धारा - 137(2), 87, 64, 127(2), 115(2), 352, 351(2), 61(2) बी0एन0एस0 व 3/4 पाक्सो एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त शिवम पटेल पुत्र धर्मेन्द्र पटेल निवासी ग्राम कर्माजीतपुर थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ को दिनांक 20.01.2025 को थानाक्षेत्र दिलीपपुर के बशीरपुर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
01-शिवम पटेल पुत्र धर्मेन्द्र पटेल निवासी ग्राम कर्माजीतपुर थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ।

गिरफ्तार करने वाली टीमः-
उ0नि0 दुर्गेश कुमार मय हमराह हे0का0 सुभाष विश्वकर्मा थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ़।

थाना आसपुर देवसरा, जनपद प्रतापगढ़

प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही जारी-

थाना आसपुर देवसरा पुलिस द्वारा हत्या का प्रयास, गाली-गलौज, मारपीट करने के अभियोग से संबंधित वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार

थाना आसपुर देवसरा पुलिस द्वारा क्षेत्रान्तर्गत धरौली नहर पुलिया के पास से अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया-

घटना का संक्षिप्त विवरण-
दिनांक 07.01.2025 को थाना आसपुर देवसर क्षेत्रान्तर्गत नि0ग्रा0 दलापुर वादी की बहन व परिजनों निवासी धरौली पर आरोपी द्वारा सरिया व डण्डे से मारपीट कर घायल करने के संबंध में वादी की तहरीर के आधार पर थाना आसपुर देवसरा में मु0अ0सं0 09/25 धारा 115 (2) /351(3)/352/333/117(2)/110/61(2) बीएनएस बनाम 03 नामजद व 01 अज्ञात अभियुक्त पंजीकृत किया गया है।

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अभियुक्त वांछित अपराधी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी दुर्गेश कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी पट्टी मनोज कुमार सिंह सुर्यवंशी के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना आसपुर देवसरा के उ0नि0 अजय कुमार अंचल मय हमराह म0उ0नि0 दिव्या सिंह, हे0का0 पवन नायक, हे0का0 विवेक भारती द्वारा देखभाल क्षेत्र तलाश वांछित वारण्टी के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 09/25 धारा 115 (2) /351(3)/352/333/117(2)/109/61(2) बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त ओम प्रकाश यादव पुत्र मुंशी लाल नि0 धरौली थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र आसपुर देवसरा के धरौली नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
01. अभियुक्त ओम प्रकाश यादव पुत्र मुंशी लाल नि0 धरौली थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़।

पुलिस टीम-
उ0नि0 अजय कुमार अंचल मय हमराह म0उ0नि0 दिव्या सिंह, हे0का0 पवन नायक, हे0का0 विवेक भारती थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़।